NABARD

संदर्भ सं. राबैं. गुजरात. डीपीएसपी / 136823 / 2024-25 03 फ़रवरी 2025

## निविदा आमंत्रण सूचना

### अहमदाबाद में नाबार्ड, गुजरात क्षेत्रीय कार्यालय हेतु मौजूदा बैंक संपत्तियों की मरम्मत/नवीनीकरण/रखरखाव तथा सिविल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक/बागवानी/कीट नियंत्रण कार्यों और अन्य सेवाओं के लिए वास्तुकारों/परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए निविदा आमंत्रण सूचना।

1. हम विभिन्न स्थानों पर स्थित निम्नलिखित बैंक संपत्तियों की मरम्मत / नवीकरण / रखरखाव तथा सिविल/ इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रॉनिक/ बागवानी/ कीट नियंत्रण कार्यों और अन्य सेवाओं के लिए वास्तुकार / परामर्शदाता की सेवाएँ लेना चाहते हैं:

    i. नाबार्ड टॉवर: 120 फीट रिंग रोड, शांतिनगर, उस्मानपुरा, अहमदाबाद, गुजरात- 380013
    ii. नाबार्ड विहार: एसवी देसाई मार्ग, न्यू कमर्शियल मिल्स स्टाफ सोसाइटी, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात- 380006

2. तदनुसार, हम 02 वर्षों की अवधि के लिए पात्र वास्तुकारों/परामर्शदाताओं से प्रतिस्पर्धात्मक मुहरबंद प्रस्ताव आमंत्रित करते हैं।

3. **आवेदक का पंजीकृत कार्यालय अहमदाबाद/गांधीनगर** (नगर निगम सीमाओं के भीतर) होना चाहिए।

4. यह एक दो बोली प्रणाली निविदा होगी जिसमें पहली बोली 'तकनीकी बोली' होगी और दूसरी बोली 'मूल्य बोली' होगी। इच्छुक आवेदकों को **2** लिफाफों में अपनी बोलियां प्रस्तुत करनी होंगी – तकनीकी बोली (अनुलग्नक ए) और वित्तीय बोली (अनुलग्नक बी)। इन्हें मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, गुजरात क्षेत्रीय कार्यालय, **120** फीट रिंग रोड, शांति नगर, उस्मानपुरा, अहमदाबाद, **380013** गुजरात को संबोधित एक अलग सीलबंद कवर में **26.02.2025** को दोपहर **3:00** बजे तक भेजें, जिस पर बड़े अक्षरों में "मौजूदा बैंक संपत्तियों के लिए सिविल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक/बागवानी/कीट नियंत्रण कार्यों और अन्य सेवाओं की प्रस्तावित मरम्मत/नवीनीकरण/रखरखाव के लिए वास्तुकार/परामर्शदाता की नियुक्ति के लिए मुहरबंद कोटेशन" लिखा हो । ये सीलबंद कोटेशन गुजरात क्षेत्रीय कार्यालय, **120** फीट रिंग रोड, शांति नगर, उस्मानपुरा, अहमदाबाद, गुजरात **380013** स्थित हमारे कार्यालय में उसी दिन दोपहर **3:30** बजे वहाँ उपस्थित होने के इच्छुक बोलिकर्ताओं की उपस्थिति में खोले जाएंगे।

5. वित्तीय बोली में कोई शर्त नहीं होनी चाहिए और ऐसी किसी भी सशर्त बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

6. परामर्शी सेवाओं के लिए देय शुल्क बैंक द्वारा निष्पादित किए जा रहे कार्य/कार्यों के मूल्य से जुड़ा होगा, जिसके लिए परामर्शदाता की सेवाएं मांगी गई हैं। अतः बैंक द्वारा निष्पादित कार्यों के मूल्य और जिसके लिए आवेदक ने सेवाएँ दी हैं, के लिए शुल्क या सेवा प्रभार प्रतिशत के रूप में (2 दशमलव तक, जीएसटी का भुगतान लागू होने पर अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा)दर्शाएँ।

7. नाबार्ड को यह अधिकार है कि वह एक या सभी निविदाएँ आंशिक या पूर्ण रूप से निरस्त करे और न्यूनतम (L1) या किसी भी निविदा को स्वीकार करना नाबार्ड के लिए बाध्यकारी नहीं है।

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
National Bank for Agriculture and Rural Development
परिसर, सुरक्षा एवं अधिप्राप्ति अनुभाग
नाबार्ड गुजरात क्षेत्रीय कार्यालय, नाबार्ड टावर, म्युनिसिपल गार्डेन के सामने, उसमानपुरा, अहमदाबाद-380013. टेली: +91 79 27551478 • फ़ैक्स: +91 79 27551584 • ई मेल: dpsp.ahmedabad@nabard.org
Department of Premises, Security & Procurement
NABARD Gujarat Regional Office, NABARD Tower, Opp- Municipal Garden, Usmanpura, Ahmedabad-380013• Tel.: +91 27551478 • Fax: +91 27551584 • E-mail: dpsp.ahmedabad@nabard.org

NABARD

8. जो निविदाएँ नाबार्ड की किसी भी या सभी शर्तें पूरी नहीं करती हैं या किसी भी प्रकार से अपूर्ण हैं और नाबार्ड द्वारा निर्धारित शर्तों के अलावा बोलीकर्ता ने अपनी शर्तें उनमें जोड़ी हैं तो उन्हें निरस्त कर दिया जाएगा।

9. निविदा दस्तावेज़ में यदि कोई भी विसंगतियाँ, चूक,अस्पष्टता पाई जाती है, अथवा उसके अर्थ के बारे में संदेह उत्पन्न होता है, तो कृपया 'मुख्य महाप्रबंधक, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, गुजरात क्षेत्रीय कार्यालय, 120 फीट रिंग रोड, शांतिनगर, उस्मानपुरा, अहमदाबाद, गुजरात - 380013' को लिखित रूप से अवगत करें जो उसकी और मांगी गई जानकारी की समीक्षा करेंगे और यदि निविदा दस्तावेज़ में उसे स्पष्ट रूप से उल्लेखित या विनिर्दिष्ट नहीं किया गया है तो, नाबार्ड द्वारा सभी निविदाकर्ताओं को स्पष्टीकरण जारी किया जाएगा जो निविदा दस्तावेज़ का हिस्सा होगी। निविदा प्रस्तुत करने के पाँच कार्य दिवस पूर्व, निविदा दस्तावेज़ में कोई भी विसंगतियाँ, चूक,अस्पष्टता अथवा उसके अर्थ के बारे में संदेह को यदि नाबार्ड की जानकारी में नहीं लाया जाता है तो, नाबार्ड इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

10. वास्तुकार फर्म/परामर्शदाता के चयन के संबंध में नाबार्ड, गुजरात क्षेत्रीय कार्यालय का निर्णय अंतिम होगा और सभी बोलीकर्ताओं के लिए बाध्यकारी होगा।

**11.** बोली पूर्व बैठक नाबार्ड, गुजरात क्षेत्रीय कार्यालय, 120 फीट रिंग रोड, उस्मानपुरा, अहमदाबाद 380013 में GeM पोर्टल में दिए गए विवरण के अनुसार आयोजित की जाएगी। कृपया बैठक में भाग लेने से पहले साइट का दौरा कर लें और अपने जो संदेह / प्रश्न हों, उनके बारे में समाधान प्राप्त कर लें। **बैठक में भाग लेने वाले एजेंसी के मालिक/ प्रतिनिधि कृपया अनुबंध। के अनुसार अपनी एजेंसी से प्राधिकार पत्र लेकर आएँ।**

12. चयनित वास्तुकार / परामर्शदाता को बैंक के निर्धारित प्रारूप **(अनुबंध-A)** में स्टाम्प पेपर पर करार निष्पादित करना होगा जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ वास्तुकार/ परामर्शदाता द्वारा दी जा रही सेवाओं, शुल्क के संवितरण के चरण आदि का उल्लेख होगा।

13. बैंक को यह अधिकार है कि वह बगैर कारण बताए किसी भी या सभी प्रस्तावों को निरस्त करे।

अशोक कुमार
03/02/2026

**(अशोक कुमार)**
उप महाप्रबंधक

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
National Bank for Agriculture and Rural Development
परिसर, सुरक्षा एवं अधिप्राप्ति अनुभाग
नाबार्ड गुजरात क्षेत्रीय कार्यालय, नाबार्ड टावर, म्युनिसिपल गार्डेन के सामने, उसमानपुरा, अहमदाबाद-380013. टेली: +91 79 27551478 • फ़ैक्स: +91 79 27551584 • ई मेल: dpsp.ahmedabad@nabard.org
Department of Premises, Security & Procurement
NABARD Gujarat Regional Office, NABARD Tower, Opp- Municipal Garden, Usmanpura, Ahmedabad-380013• Tel.: +91 27551478 • Fax: +91 27551584 • E-mail: dpsp.ahmedabad@nabard.org